**मांग संख्या 67**

**मुख्य शीर्ष 4059**

**मद क्रमांक 1 (5049)**

1 विधानसभा नवीन आवासीय परिसर स्थित अवासों के वाहनों की पार्किंग क्षमता एवं आवश्यकतानुसार गैरेज/शेड निर्माण हेतु अनुमानित लागत ₹140 लाख इस वर्ष ₹28 लाख का व्यय संभावित है।

2. विधानसभा के पुराने एवं नवीन आवासीय परिसर के आवासगृहों में फर्शो के मरम्मत का कार्य हेतु अनुमानित लागत ₹100 लाख इस वर्ष ₹20 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इन प्रयोजनों हेतु कुल ₹48,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

**मद क्रमांक 2**

ड्रायविंग ट्रेनिंग एवं अनुसंधान संस्थान अटल नगर, रायपुर में बाउन्ड्रीवाल, गेट एवं गार्ड रूम का निर्माण हेतु ₹ 152.74 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद क्रमांक 3**

जिला न्यायालय दुर्ग के नये एवं पुराने भवन में बिजली सप्लाई हेतु 33 के.वी.ए. एच.टी. लाईन एवं 500 के.वी.ए. ट्रांसफार्मर संस्थापित किये जाने हेतु ₹ 111.80 लाख का व्यय संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा ।

पुराने जिला न्यायालय भवन दुर्ग के मरम्मत कार्य हेतु ₹ 111.29 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा ।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 200 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद क्रमांक 4 (5918)**

लोक निर्माण विभाग द्वारा अटल नगर सेक्टर-29 एवं सेक्टर-17 के जी.ए.डी. आवासगृहों के पंखें, ट्यूबलाईट, एक्जास्ट पंखे, कर्टन रॉड इत्यादि लगाने का कार्य हेतु ₹350 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹3,50,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है

**मुख्य शीर्ष 4216**

**मद क्रमांक 5**

जिला न्यायालय राजनांदगांव के कर्मचारियों के लिए 13 नग जी टाईप, 41 नग एच टाईप एवं 27 नग आई टाईप शासकीय आवास गृह निर्माण हेतु ₹ 580.00 लाख का व्यय संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा ।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मुख्य शीर्ष 4250**

**मद क्रमांक 6**

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, रायगढ़ में व्यावसायिक एवं कुशल चालकों की कमी को पूर्ण करने के लिए ड्रायविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के निर्माण हेतु ₹ 100.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि ₹ 1,00,00,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।